# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर

प्रकरण संख्या :—33 / 25

दायर दिनांक 05.05.2025
निर्णय दिनांक 15.05.2025

अनवान :—

1. श्री रजत पुत्र स्व. पुष्पेन्द्र सरैया, वयस्क निवासी डूंगरपुर तहसील डूंगरपुर जिला डूंगरपुर राजस्थान

प्रार्थी

—: बनाम :—

राजस्थान राज्य जरिये भूमिधारी तहसीलदार डूंगरपुर जिला डूंगरपुर राजस्थान

विपक्षी

प्रार्थना पत्र राजस्व रिकॉर्ड नक्शा ग्राम उदयपुर में हुए त्रुटीपूर्ण नक्शा अंकन को विलोपित करा सही, शुद्ध एवं मौका अनुसार नक्शा बनाये जाने हेतु। अन्तर्गत धारा 136 राज. भू. राजस्व अधिनियम 1956

—:: निर्णय ::—

निर्णय दिनांक 15.05.2025

प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मौजा उदयपुरा के हाल खसरा संख्या 545 / 606 रकबा 0.07 हैक्टेयर, 545 रकबा 0.02, 545 / 1 रकबा 0.05 हक्टेयर का चित्रण गत सेटलमेंट के खसरा सं. 548 / 427 रकबा 8 बिस्वा, 427 रकबा 8 बिस्वा के नक्शा लठ्ठा में दर्ज तरमीम अनुरुप नही हुआ है। प्रार्थीगण गत नक्शा लठ्ठा में तरमीम अनुरुप काबिज है। वर्तमान में प्रार्थीगण जहाँ काबिज है उसे नवीन सेटलमेंटी (हाल) नक्शा में खसरा संख्या 545 / 606 रकबा 0.07 हेक्टेयर श्री चन्दुलाल पिता पन्नालाल की खातेदारी दर्ज है तथा 545 रकबा 0.02 हेक्टेयर किस्म आबादी एवं 545 / 1 रकबा 0.05 हैक्टेयर किस्म वाणिज्यक होकर खातेदार नगरपरिषद डूंगरपुर दर्ज किया गया है। गत नक्शा लठ्ठा की तरमीम, नये नक्शे में जहाँ दर्शाई जानी चाहिये थी, उस क्षेत्र मे बिलानाम भूमि खसरा संख्या 545 / 606 / 1 रकबा 0.05 हेक्टेयर वाणिज्यक नगर परिषद डूंगरपुर तथा 545 / 606 रकबा 0.02 हेक्टेयर किस्म तालाबी द्वितीय चन्दुलाल पिता पन्नालाल एवं खसरा नम्बर 545 रकबा 0.07 हेक्टेयर किस्म मगरी नगर परिषद डूंगरपुर है। गत खसरा नम्बर 548 / 427 रकबा 0.08 हैक्टर का नया फर्द तुलनात्मक खसर नम्बर 445 / 606 रकबा 0.07 हेक्टेयर को विलोपित कर खसरा नम्बर 545 / 606 रकबा 0.07 हेक्टेयर को 136 के अन्तर्गत तरमीम शुद्धि व किस्म संशोधन, फर्द तुलनात्मक अनुसार करा राजस्व रिकॉर्ड में तदनुरुप अमल दरामद किये जाने पूर्व नक्शा लठ्ठा अनुरुप नवीन नक्शा में तरमीम शुद्धि (चित्रण की शुद्धि) व किस्म संशोधन व फर्द तुलनात्मक संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रकरण को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षी को जरिये नोटिस तलब किया गया । विपक्षी सरकार जरिये भूमिधारी तहसीलदार डूंगरपुर द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 425 दिनांक 13.05.2025 के द्वारा नवीन नक्शा में पूर्व नक्शा लठ्ठा में दर्शाई गई तरमीम अनुरुप

शुद्धि हेतु अभिशंषा व्यक्त की गई है एवं अपनी रिपोर्ट के साथ पूर्व के अंकन नक्शा एवं वर्तमान नक्शा अंकन को दर्शाया गया है।

मेरे द्वारा प्रार्थी के अधिवक्ता एवं पेरोकार सरकार को सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया। आवेदित भूमि में वर्तमान में प्रार्थी का स्वामीत्व स्थापित हो चुका है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य अनुरुप मौजा उदयपुरा के हाल खसरा संख्या 545/606 रकबा 0.07 हैक्टेयर, 545 रकबा 0.02, 545/1 रकबा 0.05 हेक्टेयर का चित्रण गत सेटलमेंट की तुलनात्मक खसरा सं. 548/427 रकबा 8 बिस्वा एवं 427 रकबा 8 बिस्वा के नक्शा लठ्ठा में दर्ज तरमीम अनुरूप दर्ज नही होना पाया जाता है। प्रार्थी गत नक्शा लठ्ठा की तरमीम अनुरुप मौके पर काबिज है। वर्तमान में प्रार्थी जहॉ काबिज है उसे नवीन सेटलमेंटी (हाल) नक्शा में खसरा संख्या 545/606 रकबा 0.07 हेक्टेयर श्री चन्दुलाल पिता पन्नालाल खातेदारी दर्ज है तथा 545 रकबा 0.02 किस्म आबादी एवं 545/1 रकबा 0.05 हैक्टेयर किस्म वाणिज्यक होकर नगरपरिषद डूंगरपुर के नाम दर्ज किया गया है। गत नक्शा लठ्ठा की तरमीम, नये नक्शे में जहॉ दशाई जानी चाहिये थी, उस क्षेत्र मे बिलानाम भूमि खसरा संख्या 545/606/1 रकबा 0.05 हेक्ट. वाणिज्यक नगर परिषद डूंगरपुर तथा 545/606 रकबा 0.02 हेक्टेयर किस्म तालाबी द्वितीय खातेदार चन्दुलाल पिता पन्नालाल एवं खसरा नम्बर 545 रकबा 0.07 हेक्टेयर किस्म मगरी नगर परिषद डूंगरपुर के नाम दर्ज है। प्रार्थी ने पूर्व नक्शा लठ्ठा अनुरुप नवीन नक्शा में तरमीम शुद्धि (चित्रण की शुद्धि) व किस्म संशोधन एवं फर्द तुलनात्मक के संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जो प्रार्थना पत्र प्रार्थी एवं विपक्षी तहसीलदार डूंगरपुर की जॉच रिपोर्ट तथा प्रस्तुत दस्तावेजात अनुसार स्वीकार योग्य है।

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी को स्वीकार करते हुये खसरा नम्बर 545/606 रकबा 0.07 किस्म तालाबी द्वितीय खातेदार चन्दुलाल पिता पन्नालाल को विलोपित किया जाकर इसके स्थान पर खसरा नम्बर 545 रकबा 0.07 हेक्टयर किस्म तालाबी द्वितीय नगरपरिषद डूंगरपुर के नाम दर्ज किया जावे तथा खसरा नम्बर 545 रकबा 0.02 हेक्टेयर किस्म आबादी व 545/1 रकबा 0.05 हेक्टेयर किस्म वाणिज्यक नगर परिषद डूंगरपुर के नाम से विलोपित किया जाकर इसके स्थान पर खसरा संख्या 545/606 रकबा 0.02 हेक्टेयर किस्म तालाबी द्वितीय खातेदार प्रार्थी के नाम एवं खसरा नम्बर 545/606/1 रकबा 0.05 हैक्टेयर किस्म वाणिज्यक नगर परिषद डूंगरपुर तथा गत खसरा नम्बर 548/427 रकबा 0.07 हैक्टेयर का नया फर्द तुलनात्मक खसरा नम्बर 445/606 रकबा 0.07 हेक्टेयर को विलोपित कर खसरा नम्बर 545/606 रकबा 0.07 हेक्टेयर फर्द तुलनात्मक मे अन्तर्गत भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत तरमीम शुद्धि व किस्म संशोधन एवं फर्द तुलनात्मक संशोधन करा राजस्व रिकॉर्ड में तदनुरुप अमल दरामद किये जाने तहसीलदार डूंगरपुर को आदेश दिया जाता है। मौजा उदयपुरा के वर्तमान नक्शा शीट व जमाबन्दी में तहसीलदार डूंगरपुर के प्रस्ताव (परिशिष्ठ बी) तथा नक्शा ट्रेस (परिशिष्ठि ए) के अनुसार वर्तमान नक्शा शीट व

जमाबन्दी में शुद्ध चित्रण व आदिनांकित अंकन किया जावे। तहसीलदार द्वारा प्रस्तावित परिशिष्ठ 'A' व 'B' इस आदेश के अभिन्न अंग रहेंगे। आदेशानुसार पालना हेतु तहसीलदार डूंगरपुर को लिखा जावे।

निर्णय आज दिनांक 15.05.2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में घोषित किया गया। पत्रावली फैसल में शुमार होकर नम्बर से कम की जावे।

पत्रावली फैसल में शुमार होकर नम्बर से कम की जावे।

(सांवरलाल आबासरा)
उपखण्ड अधिकारी
डूंगरपुर

उपखण्ड अधिकारी
डूंगरपुर